240. विजय मिश्र, श्री भदोही
241. विजेन्द्र सिंह, श्री बुलन्दशहर
242. विनय कुमार द्विवेदी, श्री गोण्डा
243. विनोद सरोज, श्री प्रतापगढ़
244. विनोद कुमार कटियार, श्री कानपुरदेहात
245. विपिन कुमार 'डेविड', श्री एटा
246. विपिन सिंह, श्री गोरखपुर
247. विमलेश पासवान, डा0 गोरखपुर
248. विरेन्द्र कुमार यादव, श्री गाजीपुर
249. वीर विक्रम सिंह, प्रिंस शाहजहांपुर
250. वीरेन्द्र, श्री एटा
251. वीरेन्द्र सिंह सिरोही, श्री बुलन्दशहर
252. वेद प्रकाश गुप्ता, श्री फैजाबाद
253. शरद कुमार अवस्थी, श्री बाराबंकी
254. शरदवीर सिंह, श्री शाहजहांपुर
255. शशांक त्रिवेदी, श्री सीतापुर
256. शारदा प्रसाद, श्री चन्दौली
257. शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, श्री आजमगढ़
258. शिवपाल सिंह यादव, श्री इटावा
259. शीतल पाण्डेय, श्री गोरखपुर
260. शीतला प्रसाद ''पप्पू पटेल'', श्रीकौशाम्बी
261. शुचिस्मिता मौर्या, श्रीमती मिर्जापुर
262. शैलेन्द्र यादव ललई, श्री जौनपुर
263. शैलेश कुमार सिंह ''शैलू'', श्री बलरामपुर
264. शोभा सिंह चौहान, श्रीमती फैजाबाद
265. श्याम धनी, श्री सिद्धार्थनगर
266. श्याम बिहारी लाल, डॉ0 बरेली
267. श्याम सुन्दर शर्मा, श्री मथुरा
268. श्रीकान्त शर्मा, श्री मथुरा
269. श्रीराम चौहान, श्री सन्तकबीरनगर
270. श्रीराम सोनकर, श्री मऊ
271. संगम लाल गुप्ता, श्री प्रतापगढ़
272. संग्राम यादव, डॉ0 आजमगढ़
273. संगीता बलवन्त, डा0 गाजीपुर
274. संगीता यादव, श्रीमती गोरखपुर
275. संजय, श्री बुलन्दशहर
276. संजय कुमार, श्री कौशाम्बी
277. संजय गर्ग, श्री सहारनपुर
278. संजय प्रताप जायसवाल, श्री बस्ती
279. संजय यादव, श्री बलिया
280. संजय सिंह गंगवार, श्री पीलीभीत
281. संजीव कुमार, श्री सोनभद्र
282. संजीव कुमार दिवाकर, श्री एटा
283. संजीव राजा, श्री अलीगढ़
284. संदीप कुमार सिंह, श्री अलीगढ़
285. सतीश चन्द्र द्विवेदी, डॉ0 सिद्धार्थनगर
286. सतीश महाना, श्री कानपुर नगर
287. सत्यदेव पचौरी, श्री कानपुर नगर
288. सत्यपाल सिंह बघेल, श्री फिरोजाबाद
289. सत्यपाल सिंह राठौर, श्री कासगंज
290. सत्य प्रकाश अग्रवाल ''कैलाश डेरी वाले'', श्री मेरठ
291. सत्यवीर त्यागी, श्री मेरठ
292. सन्त प्रसाद, श्री गोरखपुर
293. सरिता भदौरिया, श्रीमती इटावा
294. साकेन्द्र प्रताप वर्मा, श्री बाराबंकी
295. साधना सिंह, श्रीमती चन्दौली
296. सावित्री कठेरिया, श्रीमती इटावा
297. सीताराम वर्मा, श्री सुल्तानपुर
298. सुखदेव राजभर, श्री आजमगढ़
299. सुनीता, श्रीमती गाजीपुर

300. सुनील कुमार शर्मा, श्री गाजियाबाद
301. सुनील दत्त द्विवेदी, मेजर फर्रुखाबाद
302. सुनील वर्मा, श्री सीतापुर
303. सुभाष त्रिपाठी ऐडवोकेट, श्री बहराइच
304. सुभाष पासी, श्री गाजीपुर
305. सुरेन्द्र नाथ सिंह, श्री बलिया
306. सुरेन्द्र नारायण सिंह, श्री वाराणसी
307. सुरेश कुमार, श्री शामली
308. सुरेश कुमार, श्री अमेठी
309. सुरेश कुमार खन्ना, श्री शाहजहांपुर
310. सुरेश कुमार श्रीवास्तव, श्री लखनऊ
311. सुरेश तिवारी, श्री देवरिया
312. सुरेश राही, श्री सीतापुर
313. सुरेश्वर सिंह, श्री बहराइच
314. सुशील कुमार शाक्य, श्री फर्रुखाबाद
315. सुषमा पटेल, श्रीमती जौनपुर
316. सूर्य प्रताप शाही, श्री देवरिया
317. सूर्यभान सिंह, श्री सुल्तानपुर
318. सोमेन्द्र तोमर, डॉ0 मेरठ
319. सोवरन सिंह यादव, श्री मैनपुरी
320. सौरभ श्रीवास्तव, श्री वाराणसी
321. स्वाती सिंह, श्रीमती लखनऊ
322. स्वामी प्रसाद मौर्य, श्री कुशीनगर
323. हरगोविन्द भार्गव, डॉ0 सीतापुर
324. हरविन्दर कुमार साहनी उर्फ रोमी साहनी, श्री खीरी
325. हरिओउम यादव, श्री फिरोजाबाद
326. हरिशंकर माहौर, श्री हाथरस
327. हरीराम, श्री सोनभद्र
328. हरेन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ0 जौनपुर
329. हर्षवर्धन बाजपेयी, श्री इलाहाबाद
330. हाकिम लाल बिन्द, श्री इलाहाबाद
331. हेमलता दिवाकर कुशवाहा, श्रीमती आगरा
332. हृदय नारायण दीक्षित, श्री उन्नाव

नोटः- मुख्य मंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ), उप मुख्य मंत्री (श्री केशव प्रसाद मौर्य) भी सदन में उपस्थित थे।

श्री अध्यक्ष–

माननीय सदस्य कृपया स्थान ग्रहण करें।

वन्दे मातरम्

अब हम वन्देमातरम् के लिए खड़े होंगे।

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शोतलाम्।

शस्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्

फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

[11:02] भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर शोकोद्गार

श्री अध्यक्ष-

हम सब अवगत है कि देश के महान नेता, विश्व के महान नेता पूर्व प्रधानमंत्री माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का निधन हो गया था। इस सत्र के प्रारम्भ में इस अवसर पर शोक प्रकट करने हेतु मैं माननीय मुख्य मंत्री जी का नाम लेता हूं।

श्री अध्यक्ष-

माननीय मुख्य मंत्री जी।

मुख्य मंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ)-

अध्यक्ष जी, इस सम्मानित सदन को मुझे बड़े दुःख के साथ सूचित करन पड़ रहा है कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का दिनांक 16 अगस्त, 2018 को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया है। भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का निधन भारत की राजनीति के एक महायुग का अवसान है। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में श्रद्धेय अटल जी जैसा विराट व्यक्तित्व मिलना कठिन है। अटल जी का

व्यक्तित्व बहुआयामी और पृथक था। वे एक सर्वमान्य नेता थे, जिनका सभी राजनैतिक दल सम्मान करते थे। उनका 6 दशक का निष्कलंक राजनैतिक जीवन भारतीय राजनीति में सदैव याद किया जायेगा। अटल जी ने डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के मार्गदर्शन में राष्ट्रसेवा के संस्कार ग्रहण किए थे और उन्हीं संस्कारों के बल पर उन्होंने राजनीति को मूल्यों और सिद्धांतों से जोड़कर इस देश में सुशासन की एक आधारशिला रखी थी। उत्तर प्रदेश को यह सौभाग्य प्राप्त है कि उत्तर प्रदेश श्रद्धेय अटल जी की जन्मभूमि और कर्मभूमि रही है। प्रदेश के बटेश्वर में अटल जी का जन्म हुआ था और उत्तर प्रदेश में ही सर्वाधिक समय तक प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने अपनी कर्मभूमि के रूप में उत्तर प्रदेश को ही चुना। अटल जी ने एम0ए0 की शिक्षा डी0ए0वी0 कालेज, कानपुर से ग्रहण की थी। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से वे पहली बार वर्ष 1957 में लोकसभा में पहुंचे थे। प्रधानमंत्री के रूप में श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने लोकसभा में लखनऊ संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और लखनऊ से वह 5 बार लोक सभा के लिए निर्वाचित हुए। श्री अटल बिहारी वाजपेयी वर्ष 1967, 1971, 1977, 1980, 1991, 1996, 1998, 1999 तथा वर्ष 2004 में 10वीं बार लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। इसके अतिरिक्त वे वर्ष 1962 एवं 1986 में राज्यसभा के भी सदस्य रहे। वे श्री मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार मे वर्ष 1977 से 1979 तक विदेश मंत्री रहे। 1968 से 1973 तक भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष, 1977 से 1980 तक जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य तथा 1980 से 1986 तक भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 16 मई, 1996 से 31 मई, 1996 तक भारत के प्रधान मंत्री तथा 1996 से 1997 में लोक सभा में विपक्ष के नेता रहे। 1998 से 1999 तक तथा 13 अक्टूबर, 1999 से मई, 2004 तक पुनः भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश की अमूल्य सेवा की। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था। उन्होंने आधारभूत ढांचे के विकास और भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बहुआयामी कार्य किए। उनका मानना था कि देश के विकास का केन्द्र बिंदु ग्रामीण भारत ही हो सकता है और इसलिए अपने प्रधानमंत्रित्वकाल के दौरान उन्होंने इस देश के विकास की आधारभूत योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को लागू किया और उसे मूर्त रूप भी दिया, जिसके कारण देश के ग्रामीण इलाकों को पक्के मार्गों से जोड़ने में सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, सर्वशिक्षा अभियान और इस देश की संचार क्रांति जैसी अनेक विकासपरक योजनाओं की आधारशिला भी रखी। देशहित और उसके विकास में उनके अमूल्य योगदान का सदैव स्मरण किया जायेगा। उन्होंने हमेशा शान्ति और सौहार्द की वकालत की, परन्तु देश की सुरक्षा, अखंडता और प्रतिष्ठा पर उन्होंने कभी भी कोई समझौता नहीं किया। परमाणु शक्ति का सलतापूर्वक परीक्षण करके अटल जी ने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्रों की अग्रणी पंक्ति में लाकर खड़ा किया। कारगिल युद्ध के दौरान धैर्यपूर्वक और साहसिक कार्रवाई करते हुये उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुये देश के सम्मान को ऑच नहीं आने दी थी। देशहित में साहसिक और कठोर फैसले लेने वाले श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी एक संवेदनशील कवि भी थे। अटल जी के संघर्षमय जीवन, परिवर्तनशील परिस्थितियों, राष्ट्रव्यापी

आन्दोलन, जेल जीवन आदि अनेक आयामों के प्रभाव और अनुभतियों ने उनकी कविताओं में हमेशा अभिव्यक्ति पाई। राजनीति में आने से पहले अटल जी पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत पत्र-पत्रिकाओं का उन्होंने सफलतापूर्वक सम्पादन भी किया। एक ओजस्वी वक्ता और प्रखर सांसद के रूप में अटल जी की विशिष्ट पहचान थी। चाहे वह संसद हो या अन्य कोई मंच, जब वे किसी विषय पर बोलते थे, तो विरोधी भी उनकी बातों को बड़ी गंभीरता से सुना करते थे। भारत के विदेश मंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में अपना ओजस्वी भाषण देकर ऐतिहासिक पहल की थी और मातृभाषा हिन्दी को एक नई पहचान और सम्मान दिलाने का कार्य भी किया था। भारतीय संसद की गौरवशाली परम्पराओं को समृद्ध करने के लिए अटल जी को सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इसके साथ-साथ उनको राजनीतिक और संसदीय क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिये पद्म विभूषण सहित अनेक सम्मानों से विभूषित किया गया। राष्ट्र के प्रति श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सेवाओं के दृष्टिगत उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया था। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के निधन से देश ने अपना एक महान सपूत खो दिया है। अटल जी के निधन से राष्ट्र को जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई होना कठिन है। मैं सदन के सामने इस प्रस्ताव को इस अनुरोध के साथ प्रस्तुत कर रहा हूं कि इस सम्मानित सदन की भावनाओं से स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के परिवारजनों तक इन भावनाओं को आप पहुंचाने का कष्ट करेंगे। मुझे यही प्रस्ताव रखना था, धन्यवाद।

नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

माननीय अध्यक्ष जी, यह बहुत की दुःख का समय है। स्वर्गीय पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के विषय में जो भावनायें माननीय नेता सदन ने रखी है मैं उससे अपने को सम्बद्ध करता हूं। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का दिनांक 16 अगस्त, 2018 को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। अटल जी का व्यक्तित्व बहुआयामी और प्रेरक था। वे प्रेरक प्रखर राजनीतिज्ञ, निःस्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, कवि, साहित्यकार, पत्रकार थे। वे एक ऐसे सर्वमान्य नेता थे, जिनका सभी राजनीतिक दल सम्मान करते थे और वह भी सभी राजनीतिक दलों का सम्मान करते थे। अटल जी का जन्म 25 दिसम्बर, 1924 को उत्तर प्रदेश के बटेश्वर निवासी पं0 कृष्ण बिहारी बाजपेई की सहधामिणी कृष्णा की कोख से बटेश्वर नामक स्थान पर हुआ था। उनकी पढ़ाई ग्वालियर में शिन्दे छावनी और कानपुर के डी0ए0वी0 कालेज में हुयी थी। पहली बार गोण्डा से 1957 में वह सदस्य चुनकर लोक सभा में पहुंचे थे। विदेश मंत्री के रूप में और प्रधाममंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने लोक सभा में लखनऊ संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व किया। वह लखनऊ से ही 5 बार लोक सभा के लिये निर्वाचित हुये थे। श्री अटल बिहारी वाजपेयी वर्ष 1967, 1971, 1977, 1980, 1991, 1996, 1998, 1999 तथा वर्ष 2004 में दसवीं बार लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुये। इसके अतिरिक्त वे वर्ष 1962 एवं 1986 में दो बार राज्य

सभा के सदस्य भी रहे। कुल मिलाकर 12 बार उन्होंने लोक सभा और राज्य सभा की सदस्यता पूर्ण रूप से निभाई। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रथम बार 16 मई, 1996 से 31 मई, 1996 तक भारत के प्रधान मंत्री रहे तथा 1996 से 1997 में लोक सभा में विपक्ष के नेता रहे। वे 1998 से 1999 तक तथा 13 अक्टूबर, 1999 से मई, 2004 तक पुनः भारत के प्रधान मंत्री रहे। उन्होंने हमेशा शांति और सौहार्द का संदेश दिया और अपने पड़ोसी देशों से सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करते रहे। परमाणु परीक्षण, कारगिल युद्ध सहित विभिन्न प्रतिकूल परिस्थितियों में वे तटस्थ रहे और अपने कुशल नेतृत्व का परिचय दिया। श्री अटल बिहारी वाजपेई एक प्रतिभावान राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ साहित्यकार, पत्रकार और कवि भी थे, उन्होंने कई पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया। पक्ष-विपक्ष के सभी नेता उनकी भाषण-कला, ओजपूर्ण वाणी के कायल थे। संसद से सड़क तक जब भी वे किसी विषय पर बोलते तो विपक्ष के सदस्य भी उनको बड़ी गम्भीरता के साथ सुना करते थे। उनके भाषणों को देश और विदेश में भी सराहा गया। भारतीय संसद की गौरवशाली परम्पराओं को समृद्ध करने के लिए अटल जी को सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार भी प्रदान किया गया था। इसके साथ-साथ उनको राजनीतिक और संसदीय क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए पदम् विभूषण सहित अनेक सम्मानों से विभूषित किया गया। राष्ट्र के प्रति श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सेवाओं के दृष्टिगत उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' प्रदान किया गया था। श्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन से देश ने अपना एक महान सपूत खो दिया है। अटल जी के निधन से राष्ट्र को जो क्षति हुई है, उसकी भरपायी होना कठिन है। माननीय अध्यक्ष जी, इस संवेदनाओं के साथ मैं आपसे आग्रह करता हूं कि हमारी जो संवेदनायें हैं, समाजवादी पार्टी तथा पूरे विपक्ष की तरफ से अटल जी के परिवार तक तथा उनके पार्टी के सदस्यों तक पहुंचाने की कृपा करें।

श्री लालजी वर्मा-

आज पूर्व प्रधान मंत्री की जो शोक संवेदना और शोकोद्गार माननीय नेता सदन और माननीय नेता प्रतिपक्ष ने रखा है, मैं उससे अपने को समद्ध करता हूं। मेरा यह मानना है कि 'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय परम् श्रद्धेय, श्री अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन देश के लिए समर्पित रहा है। उनके निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये, मेरा यह मानना है कि मृत्यु व्यक्ति को मार सकती है, लेकिन उसके व्यक्तित्व को नहीं। स्वर्गीय परम् श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा सार्वजनिक जीवन में जो आदर्श मापदण्ड स्थापित किये गये हैं, वह सब के लिए आज भी अनुकरणीय है। उन्होंने यह साबित किया है कि बिना धनबल, बाहुबल व गलत तौर तरीके अपनाये स्वच्छ राजनीति की जा सकती है। हृदय से कवि, दयालु होने के बावजूद भी देश हित में उनके द्वारा परमाणु परीक्षण, कारगिल युद्ध करने जैसे कठोर निर्णय लिये गये हैं। श्री अटल जी की शख्सियत ऐसी थी कि पक्ष और विपक्ष दोनों उन्हें प्यार व सम्मान करता था। मान्यवर, उन्होंने हमेशा शान्ति और सौहार्द का संदेश दिया और अपने पड़ोसी देशों से सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करते रहे। परमाणु परीक्षण, कारगिल युद्ध सहित विभिन्न प्रतिकूल परिस्थितियों में वे तटस्थ रहे और अपने कुशल नेतृत्व का परिचय

दिया। हमें उनके आदर्शो पर चलने की जरूरत है, जिससे देश में अमन, चैन और भाईचारे का वातावरण कायम हो। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय परम् श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भारतीय जनता पार्टी जो एक कट्टर विचारधारा की होने के बाद भी उन्होंने विभिन्न विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के साथ मिलकर सरकार चलाई और सफल भी रहे। उनके द्वारा लिये गये सटीक और शक्तिशाली फैसलों के कारण विश्व में भारत का मान बढ़ा है। वाजपेयी जी ने आम जनहित के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। इसके साथ ही हमारी पार्टी का यह कहना है कि श्रद्धेय श्री अटल जी न सिर्फ आमजन के नेता थे बल्कि वह एक सहृदय कवि भी थे। उनके निधन से हिन्दी साहित्य एवं राजनीतिक युग का अवसान हो गया है उनका निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी उनको अपनी पार्टी की तरफ से मैं सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि हमारी और हमारी पार्टी की शोक संवेदनाएं उनके परिवारजनों तथा उनके समर्थकों तक पहुंचाने की कृपा करें।

श्री अजय कुमार लल्लू-

माननीय अध्यक्ष जी, आज जिस व्यक्ति को लेकर हम लोग शोक संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं। एक ऐसा व्यक्ति, जिसने भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में एक अपनी अलग पहचान बनाने का काम किया है। आज वह हमारे बीच में नहीं हैं हमने एक कुशल राजनेता खोया है इससे देश को एक अपूरणीय क्षति हुई है। परम् श्रद्धेय भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी किसी दल के नहीं अपितु सभी लोगों के दिलों पर राज करने वाले एक सर्वमान्य नेता थे। वह पेशे से सर्वप्रथम पत्रकार थे लेकिन पत्रकारिता के साथ-साथ उनकी कवितायें और रचनाएं हम सबके जीवन में एक नई ऊर्जा को अवतरित करती हैं। आज भी उनकी रचनाएं हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। लम्बी बीमारी के बाद उनका निधन हुआ और उनके निधन का समाचार पाकर मुझे नहीं लगता कि कोई भी ऐसा राजनीतिक दल होगा या कोई भी ऐसा भारत का व्यक्ति होगा जो अन्तरात्मा से दुःखी न हुआ हो। नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता बहुजन समाज पार्टी के साथ-साथ हम अपनी कांग्रेस पार्टी की तरफ से शोक-संवेदनाएं व्यक्त करते हुए आपसे चाहेंगे कि हमारी और हमारे दल की संवेदनाएं उनके परिजनों तक पहुंचाई जाएं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री नीलरतन सिंह पटेल 'नीलू'-

माननीय अध्यक्ष जी, इस दुःख की घड़ी में मैं अपना दल की ओर से अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मैं माननीय नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता बहुजन समाज पार्टी ओर नेता कांग्रेस से अपने को सम्बद्ध करते हुए मैं यह कहना चाहूंगा कि आज एक ऐसे पुरोधा को हम सब लोगों ने खोया है जिन्होंने भारत की राजनीति में भारत के साहित्य में चार चांद लगाने का काम किया। आज इस देश में ही नहीं बल्कि विश्व के कोने-कोने में उनकी विचारधारा को मानने वाले लोग हैं। आज उन्होंने इस दुनिया से जाने का काम किया है व्यक्ति इस दुनिया से चला जाता है लेकिन उसकी विचारधारा जिन्दा रहती है। माननीय अध्यक्ष जी, इस धरती पर

तीन तरह के लोग होते हैं एक वो होते हैं जो दिन-रात सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं। दूसरा वह होता है जो अपने बारे में सोचता है और थोड़ा दूसरे के बारे में भी सोचता है, एक वह होता है जो पूर्ण रूप से अपना जीवन समाज के लिए, देश के लिए समर्पित करने का काम करता है। जो पहले नम्बर वाला आदमी होता है, वह जिस दिन मरता है उसी दिन मर जाता है, दूसरे नम्बर वाला आदमी मरने के बाद कुछ दिनों तक जिंदा रहता है, लेकिन जो पूर्ण रूप से अपने आपको देश एवं समाज के लिए समर्पित कर देता है, वह मरने के बाद सदियों-सदियों तक जिन्दा रहता है। मा0 अध्यक्ष जी, आज हम सब लोगों ने एक ऐसे राजनीतिक पुरोधा को खोया है जिससे आज पूरे देश की जनता पूर्ण रूप से मर्माहत है, इस क्षति की पूर्ति कभी नहीं की जा सकती है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी पं0 दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के विचारधारा को ले करके अकेले चले थे। आज इस दुनिया से वह चले गये, लेकिन अपने पीछे एक बहुत बड़ा कारवां छोड़कर गये है। उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम सभी लोग उनके बताये हुए रास्ते पर चलकर देश को अग्रिम पंक्ति में विश्व में खड़ा करने का काम करेंगे। अपना दल की तरफ से हम चाहेंगे कि स्वर्गीय मा0 अटल बिहारी वाजपेयी जी के परिजनों, ईष्टमित्रों तक हमारी शोक-संवेदनाएं उन तक पहुंचाने का काम किया जाए।

ऊँ शान्ति।

श्री अध्यक्ष-

मा0 ओम प्रकाश राजभर जी।

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री (श्री ओम प्रकाश राजभर)-

मा0 अध्यक्ष जी, श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के देहावसान की खबर सुनकर हम सब हतप्रभ रह गये। स्वर्गीय अटल जी केवल भारत के प्रधान मंत्री ही नहीं रहे, बल्कि अपने कार्यों की बदौलत जन-जन के दिलों पर राज करते थे। स्व0 अटल जी राजनेता के साथ-साथ एक महान कवि भी थे। सबसे बड़ी खूबी यह थी कि वैचारिक असमानता होने के बावजूद भी सभी दलों में सहर्ष स्वीकार्य थे। श्रद्धेय अटल जी को हम सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एवं स्वयं की तरफ से हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

श्री अध्यक्ष-

श्रद्धेय मा0 पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के निधन पर इस आदरणीय सदन में जो शोकोद्गार मा0 मुख्य मंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी ने, मा0 नेता प्रतिपक्ष श्रीमान राम गोविन्द चौधरी जी ने, मा0 नेता बहुजन समाज पार्टी श्रीमान लाल जी वर्मा जी ने, मा0 नेता कांग्रेस दल श्रीमान अजय कुमार 'लल्लू' जी ने, मा0 नेता अपना दल श्रीमान नीलरतन सिंह पटेल 'नीलू' जी ने एवं मा0 नेता सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी श्रीमान ओम प्रकाश राजभर जी ने इस आदरणीय सदन में अभिव्यक्त किये हैं, उन सबके द्वारा व्यक्त शोकोद्गार के प्रति स्वयं को सम्बद्ध करता हूं। कभी-कभी ऐसा अवसर आता है कि हम अपनी वाणी से जैसा कहना चाहते है, वैसा नहीं कह पाते हैं। ऐसा बहुधा नहीं होता है। वाणी में प्रेम,

प्यार, राग-द्वेष, क्रोध और अक्रोध भी व्यक्त करने की भारी क्षमता है। लेकिन असह्य दुःख, अवनि और अम्बर (धरती और आकाश) को आहत करने वाले शोक को व्यक्त करने की क्षमता वाणी में नहीं होती। अटल जी का निधन ऐसा ही दुःख है इसलिए हम सब ने अभी इस आदरणीय सदन में देखा और पाया कि माननीय अटल जी के साथ संसद में लम्बे समय तक रहने वाले अपने माननीय मुख्य मंत्री जी भी बोलते समय अटल जी का ही ध्यान कर रहे थे। एक ऐसे संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करने के लिए हम सब आज यहां एकत्रित हुये हैं जिनकी चर्चा करते हुए हम अत्यन्त दुःखी है। हम में से अधिकांश जिनकी बातें सुनकर ठहाका लगाते थे, हम में से अधिकांश और उसके बाद की पीढ़ी के लोग उनका चित्र देखकर भी आनन्दित होते थे। लोक सभा, राज्य सभा की उनकी कार्यवाही पढ़कर हम में से अनेक और बहुधा हम सब जो इस सदन के सदस्य हैं या इस सदन के सदस्य नहीं है, आज ऐसे ही उनके प्रियजन, उनके प्रशंसक हम सब है। उनकी चर्चा करते समय अपने शब्दकोष को रीता-रीता पाते हैं। ऐसा इसलिए है कि दुनिया के इतिहास में श्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महानायक मिलते नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रकृति ने, धरती माता ने, भारत माता ने इस महानायक को अपने बहुत बड़े प्यार और गहरी प्रीति से, बड़े जतन से गढ़ा था। वैदिक पूर्वजों की भाषा में कहें, उसी तरह बोलें तो आकाश ने उन्हें यश और प्रतिष्ठा देने का काम किया और बहुत ऊपर तक खींचने का काम किया। अटल जी ने कहा कि ''हे प्रभू, मुझे ऐसी ऊंचाई मत देना कि मैं गैरों को गले न लगा सकूं।'' ऐसा जान पड़ता है कि हमारे भारतीय दर्शन के पांच तत्व क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर उसमें से आकाश उनकी यश और प्रतिष्ठा को ऊपर की तरफ खींच रहा था और जल उन्हें तरल और विरल बना रहा था। ऐसे ही अग्नि उनकी प्रतिष्ठा और तेजस को सारी दुनिया में फैलाने का काम कर रही थी, ऐसा जान पड़ता है। हम सब लोग तो उनके साथ काम करने वाले कार्यकर्ता है। ऐसा सब पूरी प्रकृति, प्रकृति की शक्तियां, सूर्य, चन्द्र, तारे और पूरा का पूरा ब्रह्माण्ड एक स्वर से आकर, जब एक महान महापुरुष गढ़ते हैं, तो बातें कम पड़ जाती है। महानायक कहते हैं, तो भी लगता है कि शब्द पूरी बात नहीं कह पा रहे हैं, अपना कहते हैं तो भी लगता है कि शब्द पूरा अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे विरल, सरल और तरल नायक को, शीर्षस्थ पुरुष को, दुनिया ने जब भिन्न-भिन्न रूपो में देखा। जब नेता प्रतिपक्ष के रूप में दुनिया ने देखा तो वह स्वरूप विश्व के संसदीय परिपाटी में दूसरा उतना सुन्दर रूप नहीं था। भारत का नेता प्रतिपक्ष भारत सरकार का प्रतिनिधि होकर बाहर जा रहा था। ऐसे मामले कम थे। ऐसे मामले तो बिल्कुल कम थे कि सम्पूर्ण प्रतिपक्षीय राजनीति को नया आयाम देने वाले और प्रतिपक्ष होता क्या है इसका जीवन्त स्वरूप और आकार गढ़ने वाले श्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। सदन के भीतर उनके कामकाज के संदर्भ में जब तक दुनिया में संसदीय जनतंत्र है, तब तक श्री अटल बिहारी वाजपेयी के विपक्षी दल के कार्यकर्ता और नेता के रूप में काम करने की उनकी मर्यादायें, उनका भाषा प्रकट करने का स्वरूप, विषय को रखने का तरीका यह लगातार याद किये जायेंगे, वैसे ही जैसे वैदिक साहित्य के मंत्र याद किये जाते हैं। आदरणीय अटल जी गुस्सा हो गये व्यक्ति को कैसे प्रसन्न करते थे, कैसे अपनी कड़वी बात को कहने के लिए,

कड़वी न कहकर थोड़ा मधुर रस मिलाकर बोलते थे अटल जी, यह सब आगे मानक रहेगा। सत्ता पक्ष के लिये भी एक मानक रहेगा कि कैसे अटल जी नेता सदन की कुर्सी पर बैठकर प्रधानमंत्री के रूप में और अगर किसी की बात भी काटनी हो तो कैसे बात काटते थे। परमाणु विस्फोट पर चर्चा हो रही थी। सदन बड़ा गरम था। हम में से बहुत लोगों ने दूरदर्शन पर कार्यवाही देखी होगी या लोक सभा चैनल पर। कतिपय सदस्य आक्रामक थे। माननीय चन्द्रशेखर जी उस समय के बहुत बड़े नेता थे। अटल जी उनका बहुत आदर करते थे। वह भी अटल जी का बड़ा आदर करते थे। चन्द्रशेखर जी ने कुछ बातें परमाणु विस्फोट के बारे में कही। अटल जी ने उनकी बात काटने के लिये जिस ढंग से कहा, 'मैं चन्द्रशेखर जी का बहुत आदर करता हूं।' मुझे कष्ट है कि मैं चन्द्रशेखर जी की बात से सहमत नहीं हो पा रहा हूं। अब एक तरीका कहने का यह है कि कष्ट है, आप जो बोल रहे हैं, उसको मैं नहीं मान पा रहा हूं। ऐसे तरीके और जब कभी सत्ता पक्ष ने अच्छे काम किये श्रीमती इंदिरा गांधी जी के समय, अन्य मौकों पर भी तो श्री अटल बिहारी बाजपेयी विपक्ष में होकर भी आगे बढ़कर सत्ता पक्ष के अच्छे कार्यो के प्रशंसक के रूप में दिखाई पड़े। ऐसे अनेक उदाहरण है, मैं ऐसे उदाहरण यहां सुनाकर, उन उदाहरणों को प्रस्तुत करके इस आदरणीय सदन का अधिक समय नहीं लेना चाहता।

आज अटल जी हमारे मध्य नहीं हैं। वह उत्तर प्रदेश के सांसद रहे हैं। हम सब इस आदरणीय सदन के सदस्य हैं इस दृष्टि से इस सदन के और भारत में जितने भी सदन है, विधान सभा है, विधान परिषद् है, माननीय लोक सभा है, माननीय राज्य सभा है सारे सदनों में उनकी सघन उपस्थिति आगे भी महसूस की जायेगी। जैसे हम लोग अध्ययन के लिये अर्सकिन में की किताबें पढ़ते हैं। आईवर जैनिंग्स की किताबें पढ़ते हैं ब्रिटिश संसदीय व्यवस्था की तमाम किताबें पढ़ते हैं लेकिन जब-जब भारतीय संसदीय व्यवस्था के किसी भी सदन में कभी कोई बोलेगा, तो अटल जी याद आयेंगे। अटल जी होते तो मुस्कुराकर बोलते। कभी कोई बढ़िया बोलेगा, सुन्दर बोलेगा, सुमधुर बोलेगा, आदर से बोलेगा, मर्यादा से बोलेगा, प्रीति और प्यार मिलाकर थोड़ा बोलेगा तो लोग कहेंगें कि अटल जी की तरह बोल रहा है। एक मानक, एक रेखा मर्यादा की और एक प्रसन्नता की रेखा, संसदीय संस्थाओं को चलाने की रेखा, संसदीय जनतंत्र में प्रधान मंत्री होकर काम करने का एक मॉडल, एक आदर्श, संसदीय जनतंत्र में प्रतिपक्ष के नेता के रूप में होने का एक आदर्श और केवल सदस्य के रूप में होने का, आम जनता से घुले मिले रहने का, सबकी पीठ थपथपाने का सबको प्यार देने का, सबको प्रेरित करने का एक विलक्षण व्यक्तित्व। ऐसा जान पड़ता है कि भारतीय संस्कृति, भारतीय दर्शन, भारतीय पुराण, इतिहास और सारे देवता उनके ऊपर कृपालु थे। सरस्वती कुछ ज्यादा ही। उनके प्रभाव में जो भी शब्द निकले वे कविता हो गये। अटल जी ने कोई साधारण वाक्य भी कहा तो वह कविता होती चली गई और ऐसी कविताएं अभी इस समय टेलीविजन, व्हाट्सअप आदि संचार साधनों में हम लोगों ने देखी। शोक के समय अटल जी की तमाम कविताएं दोहराई जा रही थी, गुनगुनाई जा रही थी। एक कवि रूप में और फिर सम्पादक के रूप में, फिर पत्रकार के रूप में और फिर इस देश के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रवक्ता के रूप में, इस राष्ट्र के विकास और गठन और सृजन के कार्यकर्ता के रूप में अटल जी याद किये जायेंगे। मैं

माननीय योगी जी द्वारा, माननीय राम गोविन्द जी द्वारा, माननीय वर्मा जी द्वारा, माननीय लल्लू जी द्वारा, माननीय राजभर जी द्वारा, माननीय नेता अपना दल हमारे आदरणीय नेतागण के विचार से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं। अन्य भी सबके मन में जो विचार प्रीति प्यार, श्रृद्धा के, शोक के है, ऐसे सारे विचार और इस आदरणीय सदन द्वारा पारित प्रस्ताव मैं श्रद्धेय अटल जी के परिजनों तक और उनके प्रशंसकों तक, पार्टी तक पहुंचाऊंगा। उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करता हूं। अटल जी आज नहीं हैं। वे यहां न होकर भी हम लोगों को आशीष देते रहे, हमारा मार्गदर्शन करते रहे ऐसी कामना करता हूं। हम लोग यह मानने को तैयार नहीं है कि वह हमारे बीच नहीं है। हम उनकी आजीवन सघन उपस्थिति अपने पास अनुभव करते रहेंगे। आइए उनके शोक में हम दो मिनट का मौन रखते हैं।

(सभी सदस्य दो मिनट के लिए अपने-अपने स्थान पर मौन खड़े हुए)

अब हम उठते हैं। 27 अगस्त, 2018 सोमवार को 11:00 बजे पुनः बैठेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 11 बजकर 40 मिनट पर सोमवार दिनांक 27 अगस्त, 2018 के दिन के 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :
दिनांक 23 अगस्त, 2018 ई0

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 26 विधान सभा (38)-02-05-2019-631 प्रतियां (कम्प्यूटर)।